आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 29.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से लैस करना जरूरीं
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–राज्य में 55 हजार करोड़ रूपये के रेल विकास कार्य प्रगति परं
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेगें
- संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होगा– सरकार ने कल बुलाई सर्वदलीय बैठकं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि हैं उन्होंने कहा कि हमारे पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से लैस करना होगा ताकि अपराध और आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा सकें श्री मोदी ने यह बात आज छत्तीसगढ़ में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहीं प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष सत्र में 'मिशन शक्ति' को मजबूत करने पर जोर दियां प्रधानमंत्री कल भी सम्मेलन के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न सत्रों में भाग लेंगें नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में कल से शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया थां इससे पहले उद्घाटन अवसर पर श्री शाह ने कहा कि इस सम्मेलन को आंतरिक सुरक्षा के समाधानों के एक पोर्टल के रूप में तैयार किया गया है, जो रणनीति और नीति निर्माण के लिए व्यापक सिद्धांत प्रस्तुत करता हैं श्री शाह ने कहा कि देश ने पिछले 11 वर्षों में कट्टरपंथ, उग्रवाद, विद्रोह और नशीले पदार्थों के विरुद्ध अपने अभियानों में उल्लेखनीय प्रगति की हैं

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राज्य में 55 हज़ार करोड़ रूपये के रेल विकास कार्य प्रगति पर हैं उन्होंने कहा कि इस समय राज्य को रेलवे के लिए 10 हजार करोड़ रूपये का बजट दिया गया हैं

आज जैसलमेर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रेलवे को मजबूत करने के लिए अनूपगढ़–जैसलमेर–बाड़मेर को जोड़ने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही हैं

....................

इससे पहले श्री वैष्णव ने आज जैसलमेर से दिल्ली के बीच चलने वाली नई उद्घाटन स्पेशल एक्सप्रेस रेलसेवा की शुरूआत कीं ये सेवा 1 दिसम्बर से नियमित रूप से शुरू होगीं ये नई सुपरफास्ट रेलगाडी जैसलमेर से रवाना होकर आशापुरा, रामदेवरा, फलौदी, मारवाड, जोधपुर, जयपुर और अलवर होते हुए दिल्ली शकूरबस्ती स्टेशन पंहुचेगीं उद्घाटन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि ये सीधी ट्रेन दिल्ली तक की यात्रा को सुगम बनायेगीं इसके साथ ही पर्यटन को भी नई गति देगीं

000

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण—एस आई आर कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में मतदाताओं के डिजिटाईजेशन का काम लगभग सौ फीसदी पूरा हो चुका हैं विभिन्न जिलों में एसआईआर को लेकर आमजन में उत्साह बना हुआ हैं लोग मतगणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को जमा कर रहे हैं निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का 4 नवंबर को शुरू हुआ दूसरा चरण अगले साल 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगां वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने निर्वाचन आयोग के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए हैं उन्होंने कहा कि एसआईआर देश में पहले भी कई बार लागू हुआ है, लेकिन इस बार जिस तरह की परिस्थितियां बनी हैं, उससे लोगों के मन में आशंकाएं बढ़ रही हैं

........................

000

निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगकर्ता—अनुकूल बनाने के लिए अपने सुझाव देने की अपील कीं नागरिक अगले महीने की 27 तारीख तक ऐप पर 'सबमिट ए सजेशन' टैब का उपयोग करके ऐसा कर सकते हैं आयोग ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के सुझावों की जांच की जाएगी तथा प्लेटफ़ॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता—अनुकूल बनाने के लिए इसमें और सुधार किया जाएगां ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म की आधिकारिक शुरुआत जनवरी 2026 में करने की योजना हैं

000

नागर विमानन महानिदेशालय—डीजीसीए ने एयरबस ए 320 श्रृंखला के विमानों की सभी उड़ानों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिये हैं एयरबस ए 318, ए 319, ए 320 और ए321 विमानों की निर्धारित जाँच और सुधार प्रक्रिया पूरी होने तक विमानन कंपनियां इन विमानों की उड़ानें संचालित नहीं कर सकेंगीं निर्माता कंपनी एयरबस ने दुनिया भर में अपने ए320 बेड़े के हज़ारों विमानों की तत्काल मरम्मत के आदेश दिये हैं एयरबस ने ए320 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद यह आदेश जारी किया हैं

एयर इंडिया ने बताया कि कुछ उड़ाने थोड़ी देर से चल सकती हैं या उनके समय में बदलाव भी किया जा सकता हैं कंपनी ने यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले उसकी वेबसाइट पर या आधिकारिक फोन नम्बर पर उड़ान की ताजा स्थिति जांच लेने का अनुरोध किया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगें कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगां इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगां आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगां

000

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू हो रहा हैं इसके लिए सरकार ने कल शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बैठक में संसद के दोनों सदनों के राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगें बैठक में सरकार, सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगीं शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक चलेगां सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने और उनके पारित होने की संभावना हैं

000

जालौर के कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास में लिंग आधारित हिंसा रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयां महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन तथा लिंग आधारित हिंसा के प्रति रोकथाम के लिए 10 दिसम्बर तक जागरूकता के अलग अलग आयोजन हो रहे हैं उन्होंने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को रोकना केवल सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसके लिए समाज, परिवार और युवा पीढ़ी की सहभागिता आवश्यक हैं कार्यक्रम में बालिकाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 के विषय में आवश्यक जानकारी दी गईं

000

उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र में आज हुए एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक महिला घायल हो गईं यह हादसा चित्तौड़गढ़–उदयपुर सिक्स लेन हाईवे पर एयरपोर्ट के पास हुआं जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाईकिल को ओवरटेक के दौरान चपेट में ले लियां घटना के समय तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर उदयपुर से भटेवर की ओर जा रहे थें थानाधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही हैं वहीं सिरोही में हुए एक अन्य हादसे में 6 लोग घायल हो गएं यह हादसा नेशनल

हाईवे सर्कल पर बाहरीघाटा के पास उस समय हुआ जब लोडिंग टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया और पास से गुजर रही मोटरसाईकिल उसकी चपेट में आ गई

0000

लखनऊ में चल रही 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में राजस्थान ने स्काउट और गाइड दोनों विभागों में पहला स्थान प्राप्त किया हैं जंबूरी में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान डीडवाना कुचामन और नागौर जिले की प्रमुख भूमिका रहीं जिले के सीओ स्काउट मोहम्मद अशफाक पंवार ने बताया कि राजस्थान की कलर पार्टी ने पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त करते हुए उद्घाटन समारोह और समापन समारोह में ध्वजारोहण कियां उन्होंने बताया कि दोनों जिलों के सभी स्काउट गाइड ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एडवेंचर बैच प्राप्त किया हैं

000

पहली बार टी–20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय दृष्टिहीन महिला क्रिकेट टीम ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कीं इस अवसर पर टीम की ओर से राष्ट्रपति मुर्मू को एक हस्ताक्षरित क्रिकेट बैट भेंट किया गयां राष्ट्रपति ने दृष्टिहीन महिला टी–20 विश्व कप जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई दीं उन्होंने कहा कि उनकी सफलता दूसरों को अपने जीवन और करियर में नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करेगीं

000

प्रदेश में चल रहे खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में आज निशानेबाजी वेट लिफ्टिंग और साईकलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं इन खेलों में अब तक कर्नाटक की जैन युनिवर्सिटी प्रथम स्थान पर बनी हुई हैं राजस्थान से बीकानेर की महाराजा गंगासिंह युनिवर्सिटी तीन पदकों के साथ 25वें स्थान पर हैं

000

मौसम विभाग ने एक दिसंबर से प्रदेश में शीतलहर का दौर शुरू होने की संभावना जताई हैं दो दिसंबर को सीकर, चूरू, झुंझुनूं और नागौर में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया हैं इधर प्रदेश के कई हिस्सों में कल हुई मावठ के बाद सर्दी का असर बढ़ गया हैं पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहां सबसे कम न्यूनतम तापमान शेखावाटी क्षेत्र के फतेहपुर में 8 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयां इसके अलावा लूणकरणसर में 8 दशमलव 8, श्रीगंगानगर में 9 दशमलव 6, पिलानी में 10, करौली में 10 दशमलव 1, नागौर में 10 दशमलव 6, दौसा में 10 दशमलव 7 और राजधानी जयपुर में 14 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआं

000